PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

# BSL Ltd.

REGD. OFFICE: Post Box No. 16-17
Mandpam, Bhilwara - 311001 (Rajasthan) INDIA
Tel. : (91-1482) 245000
E-mail: accounts@bslsuitings.com, Website : www.bslltd.com
CIN : L24302RJ1970PLC002266

www.bslltd.com

Ref: BSL/CS/2025-26
Dated: 27/02/2026

To,

| | |
|---|---|
| The Manager- Listing Department,<br>**The National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza, NSE Building<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra East,<br>Mumbai- 400 051<br>Fax: 022-26598237, 022-26598238<br>**NSE Symbol: BSL** | The General Manager- Listing Department<br>**BSE Limited**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai- 400 001<br>Fax: 022-22723121<br><br>**BSE Scrip Code: 514045** |

**Subject: Submission of newspaper clippings for Special Window for Transfer and Dematerialization of Physical Shares.**

Dear Sir/Madam,

We wish to inform you that the Company has published the newspaper clippings intimating about Special Window for Transfer and Dematerialization of Physical Shares in terms of SEBI circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, in the following Newspapers on 27th February, 2026.

Copies of newspapers clippings in this connection are attached. The same is also available on the Company's website www.bslltd.com.

Kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Faithfully,

For **BSL Limited**

SHUBHAM JAIN
Digitally signed by SHUBHAM JAIN
Date: 2026.02.27 14:34:39 +05'30'

**Shubham Jain**
**Company Secretary**
**M. No.: ACS-49973**

**Encl. A/A**

EUROPEAN VEGETARIAN UNION V-LABEL.EU VEGAN
SYSTEM CERTIFICATION ISO 9001 SGS
SYSTEM CERTIFICATION ISO 14001 SGS
SYSTEM CERTIFICATION OHSAS 18001 SGS
SWISS CERTIFICATION
CONFIDENCE IN TEXTILES
Tested for harmful substances
according to Oeko-Tex Standard 100
No. 09.HIN.68375 Hohenstein

# अब राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील भी बोर्ड के फैसले के विरोध में उतरा

◆ आरबीएसई के केन्द्रीयकृत मूल्यांकन केन्द्रों पर एक दिन में 60 कॉपियां जंचाने का मामला

◆ प्रशासक से की एक दिन में 60 कॉपियां जांचने पर रोक की मांग

कासं/अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 20 मार्च तक जारी करने के लिए जोर-शोर से किए जा रहे प्रयास के बीच अब राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील भी बोर्ड के इस फैसले के विरोध में उतर गया है। शिक्षक संघ प्रगतिशील ने बोर्ड के प्रशासक और अजमेर के संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ से मामले में तुरन्त दखल देते हुए परीक्षकों पर बेवजह बनाए जा रहे दबाव और लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य बचाने के लिए तुरन्त एक दिन में 60 उत्तरपुस्तिका जांचने के फरमान पर तुरन्त रोक लगाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने बोर्ड की इस व्यवस्था के खिलाफ पहले ही मोर्चा खोल रखा है।

दैनिक नवज्योति के 25 और 26 फरवरी के अंक में खबर प्रकाशित होने के बाद अब राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेशाध्यक्ष बनाराम चौधरी और प्रदेश के मुख्य महामंत्री किशनलाल सारण ने भी प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर बताया कि बोर्ड द्वारा नियमों के विपरीत परीक्षकों से प्रतिदिन 60 कॉपियां जांचने के आदेश पर परीक्षक मानसिक दबाव महसूस कर रहे है। दबाव में यदि उनसे जांच कार्य में त्रुटि हुई तो इसका जिम्मेदार भी बोर्ड प्रशासन ही होगा। चूंकि परीक्षकों को परीक्षक की ड्यूटी के साथ ही एक ही समय में पांचवीं, आठवीं और दसवीं-बारहवीं के साथ ही स्थानीय परीक्षाओं में भी ड्यूटी लगाई गई है। एक से अधिक जिम्मेदारियों का मानसिक दबाव के साथ काम करने पर परीक्षा की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता प्रभावित होगी। इससे शिक्षक संघ में असंतोष व्याप्त है। उन्होने प्रशासक से नियमानुसार पहले से निर्धारित एक दिन में 30 कॉपियां ही जंचवाने की मांग की है, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो सके। उन्होने चेतावनी दी कि यदि बोर्ड ने शिक्षकों और परीक्षार्थियों के हित में अपनी मानसिक दबाव वाली प्रक्रिया में बदलाव नहीं किया तो मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

**FOLLOW-UP**




25-26 फरवरी को प्रकाशित समाचार

## एडी को नम्बर देने के लिए आईटी सेल पर दबाव

इधर बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में गठित किए गए 35 मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों से एक दिन में 60 उत्तरपुस्तिकाएं जंचवाने के लिए नियुक्त किए गए 15 सहायक निदेशकों को संबंधित केन्द्रों के परीक्षकों के मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने के लिए बोर्ड के अधिकारियों द्वारा बोर्ड की आईटी सेल के अधिकारियों और कार्मिकों पर दबाव बनाया जा रहा है। आईटी सेल के कार्मिकों द्वारा इसे बोर्ड की गोपनीयता और पारदर्शिता भंग होने का हवाला देते हुए मोबाइल नम्बर देने से बच रहे है लेकिन जिन परीक्षकों द्वारा आईडी लॉगिन कर ली हैं, उनसे सम्पर्क साधने के लिए नम्बर मांगे जा रहे है।

## सीबीएसई में प्रतिदिन 20 कॉपियां ही जांचने के निर्देश

शिक्षा बोर्ड द्वारा यदि सीबीएसई की तर्ज पर परीक्षा परिणाम में जल्दबाजी की जा रही हैं तो सीबीएसई द्वारा भी केन्द्रीयकृत मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों को एक दिन में 20 उत्तरपुस्तिकाओं को ही जांचने के निर्देश हैं। परीक्षा के विषय छोटे होने की स्थिति में परीक्षकों को एक दिन में 25 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के निर्देश हैं। जबकि आरबीएसई द्वारा एक दिन में 30 दिन निर्धारित करने के बावजूद परिणाम की जल्दबाजी में एक दिन में 60 उत्तरपुस्तिकाएं जंचवा रहे हैं।

# रेल हादसे की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचा राहत व बचाव दल

**मॉकड्रिल में दिया आपातकाल स्थिति में निपटने का प्रशिक्षण**



कासं/अजमेर।

रेलवे सुरक्षा बल के कंट्रोल रूम पर गुरुवार को पेसेंजर ट्रेन के एक्सीडेंट होने की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में आरपीएफ का जाप्ता और राहत व बचाव दल मौके पर पहुंचे। बाद में इसे मॉकड्रिल घोषित कर दिया गया। आरपीएफ निरीक्षक राजेंद्र चौधरी ने दोपहर 1.30 बजे सूचना दी कि कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई है की समपार फाटक संख्या 48 मध्य अजमेर-मदार पर एक पेसेंजर ट्रेन एक्सीडेंट हो गई है। इस पर उप निरीक्षक चंचल शेखावत ने तुरंत स्टाफ को सूचना से अवगत कराते हुए घटनास्थल पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उपलब्ध स्टाफ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। उप निरीक्षक चंचल आवश्यक सामग्री फायर एक्सटिंग्यूशर, जैकेट, रस्से, लाठी, स्ट्रेचर, ड्रैगन लाइट लाउड हेलर आदि लेकर घटना स्थल पर 1.40 बजे पहुंच गई। एएसआई जगदीश चंद मय स्टाफ, गेटमैन, सिग्नल विभाग के कर्मचारी हाजिर हुए। घटना स्थल पर सभी स्टाफ को फॉलिन किया एवं स्टाफ को 13.45 बजे बताया की यह मॉक ड्रिल है।

**घटना स्थल की घेराबंदी, घायलों को संभाला**

रेलवे सुरक्षा बल अधिकारियों की ओर से स्टाफ को आपातकाल स्थिति में निपटने के बारे में विस्तार से बताया गया। मॉक ड्रिल के दौरान स्ट्रेचर पर एक व्यक्ति को लेटा कर तुरंत प्रभाव से एंबुलैंस गाड़ी में ले जाने और घटनास्थल को रस्सी से घेराबंदी कर घटना स्थल को कवर करने, यात्रियों के सामान को सुरक्षित रखने, यात्रियों की लिस्ट तैयार करने एवं घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की प्रैक्टिस की गई।

## तबीयत खराब होने से युवती की मौत

**कासं/अजमेर।** फकीराखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की अचानक स्वास्थ्य खराब होने से गुरुवार को मौत हो गई। परिजन के आग्रह पर पुलिस ने उसका बिना पोस्टमार्टम कराए कागजी कार्यवाही के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार मृतका फकीराखेड़ा, रामगंज निवासी रोशिया (19) पुत्री सिकन्दर है। जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजन ने उसे जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक की सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। जहां परिजन ने रोशिया को कुछ समय बीमार होना बता दिया। साथ ही उन्होंने मामले में किसी भी तरह का कोई सन्देह भी जाहिर नहीं किया है।

**पश्चिम रेलवे**
**अहमदाबाद मंडल**
**शुद्धि पत्र**

**कार्य का नाम:** एडीआई डिवीजन के कोचों में आईओटी आधारित जल स्तर संकेतक एवं निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, चालू करने और परीक्षण के लिए संविदा कार्य, आरडीएसओ तकनीकी विनिर्देश आईएस/आरडीएसओ-सीजी/0002:2025 दिनांक 23.06.2025 या नवीनतम के अनुसार। **ई-निविदा सूचना सं.: DRM (M) ADI/44/2025-26 dated 12.02.2026 निविदा सं: S/ADI/KKF/BRSP/1/2025-26** वेबसाइट **www.ireps.gov.in पर एनआईटी में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.03.2026 15:00 बजे से बदलकर 09.03.2026 15:00 बजे कर दी गई है।** ADI 288

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

DNA 388903

**बीएसएल लिमिटेड**
सीआईएनः L24302RJ1970PLC002266
पंजीकृत कार्यालयः पोस्ट बॉक्स नंबर 16–17, मंडपम, भीलवाड़ा–311 001 (राजस्थान)
फोनः +91-1482-245000, ई–मेलः accounts@bslsuitings.com, वेबसाइटः www.bslltd.com
PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**सूचना**

**भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या **HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026** दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसरण में, हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन ('डीमैट') की सुविधा हेतु **05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027** तक एक विशेष विंडो खोली गई है।

इस कथित विशेष विंडो की यह सुविधा उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैट फाइल करने हेतु है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व बेचा/खरीदा गया था। शेयरधारकों/निवेशकों से निवेदन है कि वे सेबी के 30 जनवरी 2026 के परिपत्र के माध्यम से बताए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन के लिए आवेदन करने हेतु मार्गदर्शन में, अन्य बातों के साथ ही, निर्धारित नीचे दिए गए मैट्रिक्स को संदर्भित करें।

| हस्तांतरण डीड की निष्पादन तिथि | 01 अप्रैल, 2019 से पहले हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया | मूल प्रतिभूति प्रमाण–पत्र उपलब्ध है | वर्तमान विंडो में आवेदन हेतु उपयुक्त हैं |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | हाँ (इसे पहले अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | हाँ | नहीं | X |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | नहीं | नहीं | X |

कृपया ध्यान दें कि जिन आवेदन(ओं) के साथ मूल प्रमाण–पत्र, हस्तांतरण डीड एवं आवश्यक सहायक दस्तावेज होंगे, उन पर ही इस विशेष विंडो के अंतर्गत विचार किया जाएगा। इस तरह हस्तांतरित प्रतिभूति को आवश्यक रूप से हस्तांतरिति को केवल डीमैट मोड में ही क्रेडिट किया जाएगा और वे हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक साल के समय के लिए लॉक–इन रहेंगी। ऐसी प्रतिभूति को बताए गए लॉक–इन पीरियड के दौरान हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार चिह्नित/गिरवी नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त मामले पर किसी भी प्रश्न या दस्तावेजों को दाखिल करने हेतु, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट से **एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, (बीएसएल लिमिटेड का आरटीए), 179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020, फोनः 011–41406149, 41406150, 41406151, ईमेलः helpdeskdelhi@mcsregistrars.com** पर संपर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए, निवेशक सेबी परिपत्र को देख सकते हैं जो यहाँ उपलब्ध हैः **https://www.sebi.gov.in/legal/circulars/jan-2026/ease-of-doing-investment-special-window-for-transfer-and-dematerialisation-of-physical securities_99411.html**

**आवश्यक टिप्पणीः** सभी शेयरधारकों से आग्रह है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उनका ईमेल आईडी/केवाईसी विवरण कंपनी के आरटीए या उनके अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अद्यतनित हैं।

कृते बीएसएल लिमिटेड
हस्ता/–
शुभम जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस - 49973

स्थान : भीलवाड़ा
दिनांक : 26 फरवरी, 2026

DNA 388799

## आद्रभूमि प्राधिकरण ने आनासागर झील में डिसिल्टिंग की दी अनुमति



**कासं/अजमेर।** राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण ने राज्य सरकार से मिले फरमान की पालना में आनासागर झील में डिसिल्टिंग का कार्य कराने की अनुमति जल संसाधन विभाग को प्रदान कर दी है।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग ने आनसागर झील की भराव क्षमता बढ़ाने के लिए डिसिल्टिंग कार्य कराने के लिए वेटलेण्ड संबंधी सक्षम अनुमति चाही थी। इस सिलसिले में राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने विधिक राय दी कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आनासागर झील में डिसिल्टिंग कार्य कराने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। इसी के आधार पर राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण ने यह स्वीकृति जारी की है।

## एडीए की सड़कों की मरम्मत की थर्ड पार्टी जांच आवासन मंडल के आवासीय अभियंता करेंगे

**कासं/अजमेर।** राज्य सरकार ने अजमेर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में वर्षाकाल के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के जो मरम्मत कार्य कराए गए हैं, उसकी तृतीय पक्ष से जांच कराने के लिए राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर के उप आवासन आयुक्त ने राजस्थान राजस्व मण्डल अजमेर खण्ड के आवासीय अभियंता को अधिकृत किया है। सरकार से मिले निर्देश की पालनार्थ ने अजमेर खण्ड के आवासीय अभियंता ने अजमेर विकास प्राधिकरण के निदेशक तकनीकी को पत्र लिखकर पाबंद किया है कि वह 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के बाद तुरंत तृतीय पक्ष की जांच के लिए तिथि सुनिश्चित कर उन्हे प्रेषित करें। क्योंकि सरकार ने एक पखवाडे की समयावधि निर्धारित की है। ताकि आगामी बारिश की पड़ताल से पूर्व सड़कों सुरक्षित किया जा सके।




# पंजाबी के 2 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन भरने का अंतिम अवसर

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के पंजाबी विषय की 10 फरवरी को घोषित विचारित सूची में शामिल जिन 2 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समयावधि में अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरा था, उन्हें अब अंतिम अवसर प्रदान किया है। संबंधित अभ्यर्थी 27 व 28 फरवरी तक अपना विस्तृत आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके बाद अन्य कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।




**म्यूजिक (वोकल) विषय की मुख्य सूची जारी**:-राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा 2023 के म्यूजिक (वोकल) विषय के पदों के लिए 12 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया है। आयोग सचिव ने बताया कि इन विषय के पदों के लिए 23 से 25 फरवरी तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। साक्षात्कार के बाद 12 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

**सोशियोलॉजी तथा कोच- खो खो की मुख्य सूची जारी**:-राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद सोशियोलॉजी तथा कोच - खो खो की मुख्य सूची जारी कर दी है। आयोग सचिव ने बताया कि इन विषयों की विचारित सूचियों में अस्थाई रूप से शामिल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच के बाद सोशियोलॉजी विषय के विज्ञापित पदों के विरुद्ध 9 तथा कोच - खोखो के 1 अभ्यर्थी को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## दिन का पारा 33 डिग्री के करीब, धूप ने छुड़ाए पसीने

**अजमेर।** शहर में दिन में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। गुरुवार को दिन के पारे में 1.2 डिग्री का उछाल रहा और यह 33 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में धूप ने लोगों के पसीने छुड़ाए। जबकि सुबह शाम मौसम में ठंडक बरकरार है। गुरुवार को दिनभर धूप खिली। दिन का पारा 31.5 डिग्री से उछलकर 32.7 डिग्री पहुंच गया। भरी दोपहर में तीखी धूप ने लोगों के पसीने छुड़ाए। शाम ढलते ही मौसम में फिर से ठंडक हो गई। रात के पारे में मामूली उछाल रहा। यह 15.6 डिग्री से बढ़कर 15.8 डिग्री हो गया। रात में भी ठंडक बरकरार रही। मौसम विभाग के अनुसार सुबह वातावरण में 59 व शाम को 21 प्रतिशत आर्द्रता रही।



## मांगलियावास थाने में सीआई नियुक्ति की मांग

कासं/अजमेर

मांगलियावास पुलिस थाना में सीआई के रिक्त पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ग्राम लीडी निवासी हरीशंकर औलांनिया ने ज्ञापन में बताया कि थानाधिकारी नहीं होने से परिवादियों की सुनवाई नहीं हो रही है।लगभग 20 दिन पूर्व तत्कालीन सीआई अनिल शर्मा का ट्रांसफर केकड़ी थाने किए जाने के बाद से पद खाली है। इसलिए थाने का स्टाफ भी मनमानी कर रहा है, जो कई वर्षों से वहीं पर तैनात हैं। पूर्व में भी थाने के कारनामे आमजनता के सामने आ चुके हैं। एक वर्ष के भीतर थाने के एक थानाधिकारी निलम्बित व दो थानाधिकारी लाइन हाजिर हुए हैं। इन्ही लापरवाही के चलते डूमाड़ा में भी हत्याकाण्ड हो गया और 23 फरवरी को रात्रि को ग्राम लीड़ी व सराधना में 6 चोरी की वारदात हुई है। क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाने में तुरंत सीआई को लगाया जाए।

**अब आई सुध...**



दैनिक नवज्योति ने पिछले दिनों कलेक्ट्रेट के सामने स्थित ट्रैफिक गुमटी के जीर्ण-क्षीर्ण प्लेटफार्म का फोटो प्रकाशित किया था। अब उसकी मरम्मत करने सुध ली गई है। -नवज्योति

## मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चोरी

कासं/अजमेर

सुदामा कॉलोनी मदार स्थित एक मोबाइल टावर से लाखों रुपए का उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। मोबाइल टावर कंपनी के प्रतिनिधी जेपी नगर निवासी विरेन्द्र सिंह ने मामले में अलवर गेट थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वारदात 23 फरवरी को हुई है। जिसकी जांच में पता चला कि चोर टावर से एक आरआरयू चोरी कर ले गए। मामले की जांच एएसआई किशनदत्त शर्मा को सौंपी गई है।



DNJ-388895